जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

17 मई 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के 10वीं (रेग्युलर) बोर्ड के नतीजे घोषित, छात्राएं निकलीं आगे**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने आज 10वीं (रेग्युलर) कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। कुल 86.36% छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। कुल छात्रों में से लगभग 47.50% छात्र थे और 52.50% छात्राएं थीं। परीक्षा परिणाम http://jmicoe.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

अरीबा फातिमा ने 98.14% अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। इरम बानो ने 98% अंकों के साथ और एलीन अहमद ने 97.71% अंकों के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

कुल 408 छात्रों ने डिस्टिंक्शन के साथ फर्स्ट डिवीजन हासिल किया और 101 ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया। डिस्टिंक्शन के साथ फर्स्ट डिवीजन हासिल करने वाले 408 छात्रों में से 243 छात्राएं और 165 छात्र थे।

जामिया की वाइस चांसलर प्रो. नजमा अख्तर ने टॉपर्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जो छात्र- छात्राएं कुछ अंकों से शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गए हैं, उन्हें निराश नहीं होना चाहिए और जीवन में आगे की चुनौतियों के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

प्रो. अख्तर ने जामिया के रजिस्ट्रार, प्रो. नाज़िम हुसैन जाफरी, डीन और अन्य संकाय सदस्य के प्रयासों की सराहना की जिन्होंने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने परिणाम की समय पर घोषणा के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की भी सराहना की।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया